कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर

क्रमांकः– का./सं.नि./स्कू.शि./2019–20/579 दिनांकः–07/10/2019

परिपत्र

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय अजमेर के तत्वाधान मे निर्धारित कार्यकमानुसार मण्डल स्तरीय स्काउट/गाइड प्रतियोगिता रैली दिनांक 29 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2019 तक कायड़ विश्राम स्थली जयपुर रोड अजमेर पर आयोजित की जा रही है।

आवश्यक सूचनाएँ निम्नानुसार है –

1 . **गतिविधि** – मण्डल स्तरीय स्काउट/गाइड प्रतियोगिता रैली

2 . **दिनांक** – 29 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2019 तक

3 . **स्थान** – कायड विश्राम स्थली जयपुर रोड, अजमेर

4 . **यात्रा** – विघालय से आयोजन स्थल कायड विश्राम स्थली अजमेर तक यात्रा सम्बन्धित जिला / स्थानीय संघ के निर्देशानुसार की जायेगी । जिसका आने जाने का ट्रेन/बस किराया सम्बन्धित विघालय द्वारा देय होगा।

5 . **योग्यता** – रैली में निम्नांकित योग्यता प्राप्त स्काउट/गाइड सम्मिलित होंगे –

(अ) स्काउट/गाइड जिनकी आयु 13 वर्ष से अधिक व 18 वर्ष से कम हो।

(ब) द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान/राज्य पुरस्कार/राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त स्काउट/गाइड को प्राथमिकता दी जावें।

(स) पूर्णतः स्वस्थ हो तथा यात्रा एंव रैली में होने वाले श्रम को वहन करने की क्षमता रखते हों । इसके लिए प्रत्येक स्काउट व गाइड को अपने स्वास्थय जॉच अवश्य करवा लेनी चाहिये।

6 . **स्काउटर/गाइडर** – रैली में सम्मिलित होने वाले स्काउटरों/गाइडरों को यात्रा व्यय राज्यादेश संख्या एफ–8(12) शिक्षा ग्रुप 4/76 दिनांक 28.08.76 के अनुसार राज्यकोष से देय होगा।

7 . **रैली का अनुमानित व्यय** – इस रैली में निम्नांकित ब्यौरे के अनुसार प्रति स्काउट/गाइड, स्काउटर/गाइडर व्यय होने का अनुमान है:–

क्र. स.	विवरण	स्का./गा. द्वारा देय राशि	विघालय द्वारा देय राशि	योग
01.	रैली पंजीकरण शुल्क	–	150	150
02.	शिविर व्यय	200	200	400
03.	कैम्प क्राफ्ट	100	100	200
	योग :–	300	450	750 प्रति स्का./गा.

नोट :– 1. उक्त व्यय अनुमानित है, व्यय कम या अधिक हो सकता है।

2. स्काउटर/गाइडर का पंजीकरण शुल्क 250 रूपये है, जो विघालय द्वारा देय होगा।

8 . **आवास व्यवस्था** – सभी सम्मभागियो की आवास व्यवस्था टोलीवार छोलदारी (टेन्ट) में की जावेगी। स्काउटर/गाइडर अपने स्काउट्स/गाइड्स के साथ ही रहेगें।

9 . **जिला दल** – रैली मे सम्मिलित होने वाले जिला दल की व्यवस्था जिला स्तर पर की गई है। सम्भागियों की समुचित सम्भाल जिला दल नेता/नेत्री व उनके सहयोगियों द्वारा की जावेगी।

10 . **स्काउट/गाइड पौशाक** – रैली में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक स्काउट/गाइड, स्काउटर/गाइडर को गणवेश मे उपस्थित होना होगा। इस बाबत दो जोडी गणवेश की व्यवस्था करनी है। रैली स्तर पर स्काउट शॉप पर भी उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा।

E:Drive/2018-19/Jila Raily Circular

Scanned by CamScanner

11 . भोजन सामग्री – रैली अवधि में भोजन व्यवस्था स्वंय टोलियों द्वारा की जावेगी। स्काउटर/गाइडर स्वंय इसकी सम्भाल करेंगें। जिला मुख्यालय व स्थानीय संघ वार/जिले वार केन्द्रीय भोजनालय की व्यवस्था भी की जा सकती है।

12 . मण्डल रैली विचार बिन्दु – इस मण्डल रैली का विचार बिन्दु **" एक कदम स्वच्छता की ओर "**। प्रत्येक स्काउट व गाइड को इस विचार बिन्दु में निहित भावना को प्रधानता देते हुए उच्च स्तरीय कार्यक्रम एंव प्रदर्शन करना चाहिए।

अतः समस्त संस्था प्रधान को निर्देशित किया जाता है कि रैली पंजीकरण शुल्क 150/–प्रति स्काउट/गाइड के हिसाब से 9 स्काउट/गाइड का 1350 रूपये एंव स्काउटर/गाइडर का पंजीकरण शुल्क 250 रूपये कुल 1600 रू अनिवार्यतः विधालय /छात्र कोष से दिनांक 15.11.2019 तक जिला/मण्डल मुख्यालय पर चैक/नगद द्वारा जमा करावें। चैक राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड डिविजनल हैड क्वाटर अजमेर के नाम बनाया जावे। (पंजीकरण प्रपत्र सलंग्न है)।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त,(स्का.)
मण्डल मुख्यालय,अजमेर

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
अजमेर

संस्था प्रधान महोदय/महोदया,
....
....
....

क्रमांकः– का./सं.नि./स्कू.शि./2019–20/ 579

दिनांकः– 9/10/19

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1 . निदेशक महोदय प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा बीकानेर।
2. राज्य संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड राज्य मुख्यालय,जयपुर।
3 . सहायक राज्य संगठन आयुक्त मण्डल मुख्यालय अजमेर।
4 . सर्कल ऑर्गनाइजर (स्काउट/गाइड) अजमेर/भीलवाड़ा/नागौर व टोंक।
5 . समस्त प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) मण्डल अजमेर।
6 . समस्त सचिव, स्थानीय संघ, मण्डल अजमेर।
7 . लेखा शाखा, मण्डल मुख्यालय, अजमेर।
8 . पत्रावली।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त,(स्का.)
मण्डल मुख्यालय,अजमेर

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
अजमेर

Scanned by CamScanner

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय अजमेर

मण्डल स्तरीयस्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली (स्काउट/गाइड पंजीकरण प्रपत्र)

स्थान :– कायड़ विश्राम स्थली, अजमेर

दिनांक :– 29 नवम्बर, 2019 से 03 दिसम्बर, 2019 तक

ग्रुप/विधालय का नाम :– .... स्थानीय संघ .... जिला ....

क्र.स.	स्काउट/गाइड का नाम	पिता का नाम	जन्म तिथि	स्का./गा.योग्यता	मोबाइल नं.
01.					
02.					
03.					
04.					
05.					
06.					
07.					
08.					
09.					
10.					

ह. सी.ओ.स्काउट/गाइड   ह. सचिव (स्थानीय संघ)   ह. संस्था प्रधान (मोहर सहित)   ह. स्काउटर/गाइडर

Scanned by CamScanner